राष्ट्रीय आवास बैंक की पुनर्वित्त योजनाओं पर पुस्तिका

09-11-2018 से प्रभावी

क्रम सं.	ब्योरा
भाग क	सामान्य नियम एवं शर्तें
भाग ख	आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के लिये विभिन्न योजनाओं की विशेष शर्तें एवं नियम / अपेक्षाएं
भाग ग	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों एवं स्मॉल फाइनेंस बैंकों (एसएफबी) के लिये विभिन्न योजनाओं की विशेष शर्तें एवं नियम / अपेक्षाएं
भाग घ	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिये विभिन्न योजनाओं की विशेष शर्तें एवं नियम / अपेक्षाएं
भाग ड.	शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) और राज्य सहकारी बैंकों (एसीओबी) के लिये विभिन्न योजनाओं की विशेष शर्तें एवं नियम / अपेक्षाएं
अनुबंध I	आवास वित्त कंपनियों के लिये प्रारूप
एनएचबी-एचएफसी-01	पुनर्वित्त सीमा के लिये आवेदन
एनएचबी-एचएफसी-02	पुनर्वित्त संवितरण के लिये आवेदन
एनएचबी-एचएफसी-03	प्रत्याशित ऋणों के लिये पुनर्वित्त के प्रयोग का प्रमाण पत्र
एनएचबी-एचएफसी-04	तिमाही विवरणी
एनएचबी-एचएफसी-05	प्रतिकूल शेष विवरणी का छमाही प्रमाण पत्र
एनएचबी-एचएफसी-06	उधारों की छमाही सूचना
एनएचबी-एचएफसी-07	नकारात्मक धारणा प्रसंविदा की वार्षिक पुष्टि
एनएचबी-एचएफसी-08	वार्षिक विवरणी
एनएचबी-एचएफसी-09	लाभार्थियों के वर्गीकरण की वार्षिक विवरणी
अनुबंध II	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिये प्रारूप
एनएचबी-एससीबी-01	पुनर्वित्त सीमा के लिये आवेदन
एनएचबी-एससीबी-02	पुनर्वित्त संवितरण के लिये आवेदन
अनुबंध III	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिये प्रारूप
एनएचबी-आरआरबी-01	पुनर्वित्त सीमा के लिये आवेदन
एनएचबी-आरआरबी-02	पुनर्वित्त संवितरण के लिये आवेदन
अनुबंध IV	शहरी सहकारी बैंकों और राज्य सहकारी बैंकों के लिये प्रारूप
एनएचबी-यूसीबी-01	पुनर्वित्त सीमा के लिये आवेदन
एनएचबी-यूसीबी-02	पुनर्वित्त संवितरण के लिये आवेदन

खण्ड क

सामान्य नियम एवं शर्तें
जो सभी प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों
पर लागू हैं)पीएलआई(

राष्ट्रीय
आवास बैंक
NATIONAL
HOUSING BANK

भूमिका

1.1 आवास बैंक (रा.आ.बैंक) प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) को उनके द्वारा व्यक्तियों को दिये आवास ऋणों तथा अन्य संस्थानों को दिये आवास वित्त तथा वहनीय आवास के निर्माण के लिये उनके ऋणों के लिए पुनर्वित्त सहायता देता है।

1.2 सम्पत्ति पर दिये गये ऋण (अर्थात मकान गिरबी रखकर ऋण देना किंतु निर्माण/ क्रय/ उन्नयन/ विस्तार के अतिरिक्त अन्य प्रयोजन के लिये) पुनर्वित्त के लिये योग्य नहीं होते हैं।

1.3 साज-सज्जा और जुड़नारों के लिये और संसाधन शुल्क, सरसई शुल्क, दस्तावेज हैंडलिंग प्रमार और बीमा प्रीमियम (जीवन तथा गैर-जीवन दोनों) आदि के लिये दिये ऋण पुनर्वित्त के लिये योग्य नहीं होंगे।

1.4 ध्यान दिया जाये कि इस पुस्तिका में उल्लिखित नियम तथा नीतियां इन योजनाओं के तहत जारी पुनर्वित्त पर ही लागू होंगे और पीएलआई द्वारा पुरानी किन्हीं पुनर्वित्त योजनाओं हेतु लिये पुनर्वित्त पर लागू नहीं होंगे, उन पर संबंधित नियम एवं नीतियां पूर्ववत लागू रहेंगी।

रा.आ.बैंक की सभी पुनर्वित्त योजनाओं के तहत पीएलआई पर लागू सामान्य नियम तथा शर्तें

2. पात्रता मानदण्ड

2.1 आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के लिये

- निम्नलिखित मानदण्ड पूरे करने वाली आवास वित्त कंपनियां रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त लेने के लिये पात्र होंगी।
- आवास वित्त कंपनी को देश में आवास वित्त का कारोबार करने के लिये रा.आ.बैंक में पंजीकृत होना चाहिए।
- आवास वित्त कंपनियों को मकान के इच्छुक व्यक्तियों को आवास इकाइयों के निर्माण/ क्रय / मरम्मत / उन्नयन के लिये दीर्घकालीन ऋण सहायता देनी चाहिए।
- आवास वित्त कंपनियों को अपनी कुल मूल आस्तियों का कम से कम 51 प्रतिशत, इसमें से व्यैक्तिक आवास ऋणों द्वारा दिये नकदी एवं बैंक शेष को छोड़कर निवेश करना चाहिए।
    - *व्यैक्तिक आवास ऋण वे ऋण होंगे जो 5 वर्ष तथा अधिक अवधि के लिये संस्वीकृत किये गये हैं।*
    - *कुल मूर्त आस्तियां, अमूर्त आस्तियां छोड़कर, कुल आस्तियां होंगी।*
    - *नकद तथा बैंक शेष में चल अल्पकालीन म्युचूअल फंडों में किया निवेश शामिल होगा जो निवल स्वत्व निधियों (एनओएफ) के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।*
- आवास वित्त कंपनी की निवल स्वत्व निधियां 10 करोड़ रूपये से कम नहीं होनी चाहिए। एनओएफ का अर्थ वही होगा जैसेकि आवास वित्त कंपनी निर्देश, 2010 में परिभाषित किया गया है।
- आवास वित्त कंपनी को राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2010, समय-समय पर यथा संशोधित, के प्रावधानों का अनुपालन करना चाहिए।
- आवास वित्त कंपनी की निवल अनर्जक परिसम्पत्तियां (एनएनपीए) कुल अग्रिमों के 3.50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनर्जक परिसम्पत्तियों का अर्थ वही होगा जैसेकि आवास वित्त कंपनी निर्देश, 2010, यथा अद्यतन संशोधित, में परिभाषित किया गया है। निवल अनर्जक परिसम्पत्तियों का अर्थ 'प्रावधान निकाल कर अनर्जक परिसम्पत्तियां' होता है। निवल अग्रिमों का अर्थ 'प्रावधान निकाल कर अग्रिम' होगा।

'अग्रिम' में, आवास ऋणों को छोड़कर, में बंधक ऋण, पट्टा लेनदेन, किराया क्रय आस्तियां, हुंडी बिल, अन्त: कारपोरेट जमा और सूची से इतर डिबेंचर शामिल होंगे।

उपर्युक्त अर्हता शर्तें मौजूदा तथा नए ग्राहकों पर यथावत् रहेंगी।

2.2 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिये (एससीबी) के लिये

निम्नलिखित मानदंड पूरे करने वाले एससीबी रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त पाने के पात्र होंगे :

- जिनके निवल अग्रिम से निवल अनर्जक आस्तियों का अनुपात 3.50 प्रतिशत से अधिक नहीं है। हालांकि, रा.आ.बैंक प्रत्येक मामले के आधार पर अपने निवल अनर्जक परिसम्पत्ति मानदंडों में ढील पर विचार कर सकता है बशर्ते सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन हो जाए।
- जिसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 9 प्रतिशत हो (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार)
- परिचालन लाभ विगत वर्ष में रहा हो।

2.3 स्मॉल फाइनेंस बैंकों के लिये (एसएफबी) के लिये

निम्नलिखित मानदंड पूरे करने वाले एसएफबी रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त पाने के पात्र होंगे :

- जिनके निवल अग्रिम से निवल अनर्जक आस्तियों का अनुपात 3.50 प्रतिशत से अधिक नहीं है। हालांकि, रा.आ.बैंक प्रत्येक मामले के आधार पर अपने निवल अनर्जक परिसम्पत्ति मानदंडों में ठील पर विचार कर सकता है बशर्ते सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन हो जाए।
- जिसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 15 प्रतिशत हो (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार)
- परिचालन लाभ विगत वर्ष में रहा हो।

2.4 शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) और राज्य सहकारी बैंकों (एससीओबी) के लिये

निम्नलिखित मानदंड पूरे करने वाले यूसीबी और एससीओबी रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त पाने के पात्र होंगे :

- जिनके निवल अग्रिम से निवल अनर्जक आस्तियों का अनुपात 3.50 प्रतिशत से अधिक नहीं है।
- जिसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 9.00 प्रतिशत हो (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार)
- बैंक पिछले दो वर्षों से लाभ अर्जित कर रहा हो।

2.5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिये (आरआरबी)

निम्नलिखित मानदंड पूरे करने वाले आरआरबी रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त पाने के पात्र होंगे :

- भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की अनुसूची II के तहत अधिसूचित हो।
- सकारात्मक निवल स्वत्व निधियां हों।
- जिनके निवल अग्रिम से निवल अनर्जक आस्तियों का अनुपात 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है।
- जिसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 9 प्रतिशत हो (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार)
- पिछले दो वर्षों से लाभ अर्जित कर रहा हो।

2.6 शीर्ष सहकारी आवास वित्त समितियों (एसीएचएफएस) के लिए

निम्नलिखित मानदंड पूरे करने वाले एसीएचएफएस रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त पाने के पात्र होंगे :

- सकारात्मक निवल पूंजी
- वसूली 75 प्रतिशत – 100 प्रतिशत तक पुनर्वित्त अनुमत्य

- वसूली 65 प्रतिशत – 50 प्रतिशत तक पुनर्वित्त अनुमत्य
- पिछले तीन वर्षों में लेखा परीक्षा वर्गीकरण क या ख हो
- बकाया ऋण के एनओएफ – (1:10)
- बकाया ऋणों में समंजित एनओएफ – (1:12.5)
- पिछले तीन वर्षों लाभ अर्जित कर रहा हो
- ऋणदाताओं को नियमित चुकौती करता रहा हो।

2.7 कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) के लिये

निम्नलिखित मानदंड पूरे करने वाले एआरडीबी रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त पाने के पात्र होंगे :

- समग्र वसूली – पीसीएआरडीबी स्तर पर 60 प्रतिशत (फेडरल ढांचा होने के मामले में केवल) और एससीएआरडीबी स्तर पर 75 प्रतिशत (एकल ढांचा)
- 5 वर्ष से अधिक देयों की वसूली कानूनी कार्रवाई द्वारा की जाये
- किसी ऋणदाता के प्रति चूककर्ता न हो

2.8 पीएलआई को रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त सहायता पाने की पात्रता हेतु न्यूनतम निर्दिष्ट रेटिंग प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रयोजनार्थ, रा.आ.बैंक ने पीएलआई को वित्तीय सहायता के लिये पात्रता का निर्धारण करने के लिये एक आन्तरिक ऋण रेटिंग मॉडल तैयार किया है।

3. पुनर्वित्त की मात्रा

पुनर्वित्त की अधिकतम मात्रा (पीएलआई के व्यैक्तिक आवास ऋण पोर्टफोलियो के प्रतिशत के रूप में) जो रा.आ.बैंक द्वारा प्रदान की जा सकती है :

- एचएफसी 50 %
- एससीबी 100 %
- यूसीबी 100 %
- एससीओबी 100 %
- एआरडीबी 100 %
- आरआरबी – निवल अग्रिमों के निवल एनपीए पर आधारित अनुपात में निम्न प्रकार :

एनएनपीए (%)	**पुनर्वित्त की मात्रा**
<_ 5.0	100
>5.0 <_7.5	80
>7.5 <_10.0	50

- **एसीएचएफएस – वसूली के आधार पर, निम्न प्रकार :**

वसूली (%)	**पुनर्वित्त की मात्रा**
>_75	100
>_ 65 < 75	50

4. पुनर्वित्त की अवधि

4.1 पुनर्वित्त कम से कम 1 वर्ष और अधिकाधिक 15 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध होगा। पीएलआई अपनी जरूरत के अनुसार चुकौती की अवधि का चयन कर सकते हैं। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के मामले में केवल, अल्प अवधि का स्लैब 3, 6 और 9 माह भी अनुमत्य है।

4.2 विभिन्न पुनर्वित्त योजनाओं के तहत न्यूनतम और अधिकतम अवधि संबंधित योजनाओं में निर्धारण के अनुरूप होगी, बशर्ते उक्त पैरा 4.1 अवधि का उल्लेख हो।

5. पुनर्वित्त की चुकौती

5.1 मूल राशि की चुकौती और ब्याज का भुगतान तिमाही आधार पर होगा।

5.2 मूल राशि की चुकौती संवितरण की तारीख से एक पूरी कैलेण्डर तिमाही के बाद शुरू होगा।

5.3 ब्याज का भुगतान संवितरण के शीघ्र बाद शुरू होने वाली तिमाही से शुरू होगा।

5.4 ब्याज और मूल धन के भुगतान की नियत तारीख प्रत्येक पुनर्वित्त जारी करने के बाद चुकौती तालिका में पीएलआई को सूचित की जाएगी।

6. चुकौती

6.1 पीएलआई द्वारा लिये गये पुनर्वित्त का समय-पूर्व चुकौती, निम्नलिखित सभी शर्तें पूरी करने के बाद बिना किसी चुकौती प्रभार के किया जा सकता है :

- वह पुनर्वित्त निम्न आय आवास वर्ग या नियमित पुनर्वित्त योजना के लिये रियायती दरों पर ग्रामीण आवास निधि, शहरी आवास निधि, विशेष शहरी पुनर्वित्त योजना के तहत लिया गया हो।
- आवास वित्त कंपनी ने भी इन्हीं योजनाओं के तहत अंतिम ऋणियों से कथित राशि प्राप्त की हो।
- दो सप्ताह का नोटिस देने के बाद चुकौती तिमाही में एक बार से अधिक नहीं किया जाता है।

6.2 इसके अतिरिक्त, जो केवल आवास वित्त कंपनियों पर लागू है, आवास वित्त कंपनियों द्वारा लिये पुनर्वित्त का भी समय पूर्व भुगतान, निम्नलिखित शर्तें पूरी करने के बाद बिना किसी प्रभार के किया जा सकता है :

- कथित पुनर्वित्त कम से कम एक वर्ष तक रहा हो (नोटिस की अपेक्षित अवधि सहित), और
- रा.आ.बैंक को दो माह का पूर्व नोटिस दिया जाता है, और
- यह चुकौती किसी भी छमाही में (जनवरी-जून या जुलाई-दिसम्बर) एक बार से अधिक नहीं दिया जाता है।

6.3 अन्य सभी मामलों में, पीएलआई से समय पूर्व प्रभारों के सहित चुकौती कभी भी प्राप्त किया जा सकेगा जैसाकि नीचे दिया गया है और बशर्ते पीएलआई द्वारा दो माह का लिखित नोटिस दिया गया हो :

अवधि (संवितरण के बाद बीता समय)	**समय पूर्व भुगतान प्रभार**
1 वर्ष तक	राशि की 1.0 प्रतिशत का भुगतान
1 वर्ष से अधिक	राशि की 0.50 प्रतिशत का भुगतान

7. पुनर्वित्त के लिये प्रतिभूति

7.1 आवास वित्त कंपनियों के लिये

- आवास वित्त कंपनियों के मामले में, रा.आ.बैंक से लिये पुनर्वित्त को सामान्यता एचएफसी की ऋण बहियों पर प्रभार से प्रतिभूतिकृत किया जाता है। अन्य प्रतिभूति जैसे अचल परिसम्पत्तियों / चल परिसम्पत्तियों पर प्रभार, विकासक की व्यैक्तिक गारंटी, कारपोरेट गारंटी या विकासक संस्थान से सहूलियत पत्र आदि की मांग

रा.आ.बैंक के निर्णय पर निर्भर होती है। प्रतिभूति का निर्धारण प्रत्येक मामले के अनुसार किया जाता है। पात्र ऋणदाता संस्थान रा.आ.बैंक के पक्ष में ऐसे दस्तावेजों /वचन आदि उस रूप और प्रकार से निष्पादित करते हैं जैसाकि रा.आ.बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारण किया जाता है।

- यदि किसी समय रा.आ.बैंक यह समझता है कि एचएफसी द्वारा दी गई प्रतिभूति बकाया पुनर्वित्त के लिये अपर्याप्त हो गई है, तो वह एचएफसी को रा.आ.बैंक की संतुष्टि के अनुसार एक ऐसी प्रतिभूति प्रस्तुत करने की मांग कर सकता है जो उस कमी को पूरा करने के लिये पर्याप्त हो।

7.2 एससीबी और एसएफबी के लिये

- **व्यैक्तिक लाभार्थियों से प्रतिभूति प्राप्त की जाए**
  - एससीबी को अपने प्रत्यक्ष आवास वित्त के बारे में उनके बोर्ड द्वारा अनुमोदन के अनुसार व भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रतिभूति और मार्जिन का अनुपालन करना होता है।
  - प्राथमिक ऋण का ऋण जोखिम पूरी तरह एससीबी द्वारा लिया जाएगा और रा.आ.बैंक से प्राप्त पुनर्वित्त की चुकौती करना होता है चाहे प्राथमिक ऋण खाता नियमित या अन्यथा हो।

- **पुनर्वित्त के लिये सहूलियत**
  - पुनर्वित्त लेने वाले एससीबी को एकबारगी करार ज्ञापन तथा प्राधिकार पत्र का निष्पादन करना होता है जिसमें रा.आ.बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक में उनके चालू खाता से, चूक होने के मामले में, नामे करने के लिये प्राधिकृत किया जाता है।

7.3 आरआरबी के लिये

- **व्यैक्तिक लाभार्थियों से प्रतिभूति प्राप्त की जाए**
  - आरआरबी को अपने प्रत्यक्ष आवास वित्त के बारे में उनके बोर्ड द्वारा अनुमोदन के अनुसार व भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रतिभूति और मार्जिन का अनुपालन करना होता है।
  - प्राथमिक ऋण का ऋण जोखिम पूरी तरह आरआरबी द्वारा लिया जाएगा और रा.आ.बैंक से प्राप्त पुनर्वित्त की चुकौती करना होता है चाहे प्राथमिक ऋण खाता नियमित या अन्यथा हो।

- **पुनर्वित्त के लिये प्रतिभूति**
  - पुनर्वित्त लेने वाले एससीबी को एकबारगी करार ज्ञापन तथा प्राधिकार पत्र का निष्पादन करना होता है जिसमें रा.आ.बैंक को उनके प्रायोजक बैंक या भारतीय रिजर्व बैंक में उनके चालू खाता से, चूक होने के मामले में, नामे करने के लिये प्राधिकृत किया जाता है।

8. ब्याज दर

8.1 पुनर्वित्त पर ब्याज मासिक आधार पर चक्रवृद्धि होगा और तिमाही देय होगा।

8.2 पुनर्वित्त सहायता ब्याज की स्थिर या चल दरों पर प्रदान किया जाएगा, जो संबंधित पुनर्वित्त योजनाओं के प्रावधानों पर निर्भर करेगा।

8.3 एचएफसी को चल या स्थिर ब्याज दर चुनने का विकल्प होगा और जो उनकी जरूरत व संबंधित पुनर्वित्त योजनाओं के प्रावधानों पर निर्भर करेगा।

8.4 एचएफसी से प्रभारित ब्याज दर संवितरण की तारीख पर प्रचलित दर होगी और यह रा.आ.बैंक द्वारा उसे दी गई आन्तरिक ऋण रेटिंग पर निर्भर करेगी। चुकौती अवधि पुनर्वित्त के तहत मांगी गई होगी। ब्याज दर में रा.आ.बैंक द्वारा आवधिक संशोधन हो सकता है और समय-समय पर इसकी सूचना दी जाएगी।

8.5 स्थिर ब्याज दर ऋणों को चल ब्याज दर ऋणों में बदलना तथा चल ब्याज दर ऋणों को स्थिर ब्याज दर ऋणों में बदलना

- एचएफसी, एससीबी, यूसीबी तथा एससीबी पर लागू
- आरआरबी, एसीएचएफएस तथा एआरडीबी पर लागू नहीं
- उस मामले में अनुमत्य नहीं जिन योजनाओं में केवल स्थिर दर पुनर्वित्त उपलब्ध है –
    - ग्रामीण आवास निधि
    - शहरी आवास निधि
    - निम्न आय वर्ग के लिये विशेष शहरी आवास पुनर्वित्त योजना
- **नोटिस अवधि** – एक सप्ताह
- **परिवर्तन प्रभार** – बकाया राशि के 0.25 प्रतिशत को परिवर्तित किया जा रहा है। संवितरण की अन्य शर्तें तथा नियम अपरिवर्तित रहेंगे। पुनर्मूल्यांकन के समय प्रस्तावित ब्याज दर का निर्धारण एलपीसी द्वारा किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, आईसीसी को शक्ति होगी कि वह पूरे या अंशत:, पुनर्मूल्यांकन शुल्क और नोटिस अवधि को माफ करे।
- **परिवर्तन की तारीखें** – अगले माह की पहला दिन
- **ऋणों का पुनर्मूल्यांकन**

  बैंक अपने ग्राहकों को नीचे दिये अनुसार ऋणों के पुनर्मूल्यांकन का विकल्प दे सकते हैं :

पात्र संस्थान	एससीबी, एचएफसी, यूसीबी तथा आरआरबी
पात्र योजनाएं	नियमित पुनर्वित्त
नोटिस अवधि	दस कार्य दिवस
पुनर्मूल्यांकन शुल्क	बकाया ऋण का 0.50 प्रतिशत
पुनर्मूल्यांकन की प्रभावी तारीख	अगले माह की पहला दिन
न्यूनतम पूरी हुई अवधि	संवितरण की तारीख से एक वर्ष
कितनी बार पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है	वित्त वर्ष में एक बार (जुलाई-जून) किंतु लगातार तिमाहियों में नहीं

  संवितरण के अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगे।

8.6 स्थिर ब्याज दर ऋणों की ब्याज दर का पुन: निर्धारण

8.6.1 यदि स्थिर ब्याज दर पर पुनर्वित्त सहायता दी जाती है तो रा.आ.बैंक को वह अवधि बीतने के बाद जिस पर रा.आ.बैंक और पीएलआई के बीच पुनर्वित्त संवितरण के समय सहमति बनी थी, बकाया ऋण पर ब्याज दरों को पुन: निर्धारित करने का विकल्प होगा। पुन: निर्धारित ब्याज दरों की प्रभावी तारीख होगी :

- यदि पुन: निर्धारण अवधि 3 वर्ष से कम है – वह दिन जब पुन: निर्धारण अवधि पूरी होती है।
- यदि पुन: निर्धारण अवधि 3 वर्ष या अधिक है – पुन: निर्धारण अवधि पूरी होने की अगली तिमाही का प्रथम दिवस।

8.6.2 लागू ब्याज दर उस समय प्रचलित स्थिर ब्याज दर होगी जो उस ऋण के चुकौती की मूल अवधि के बराबर होगी।

8.6.3 पुन: निर्धारण के समय, पीएलआई के पास विकल्प होगा कि वह या तो बकाया शेष पर संशोधित दरों पर बना रहे या बिना नोटिस अवधि के उसकी चुकौती कर दे।

8.7 चल दर वाले ऋणों पर ब्याज दर का पुन: निर्धारण

8.7.1 यदि पुनर्वित्त सहायता चल ब्याज दरों पर दिया गया है तो पुन: निर्धारित ब्याज दरों की प्रभावी तारीख होगी :

- यदि ब्याज दर रा.आ.बैंक की पीएलआर से सम्बद्ध है – पीएलआर बदलने वाली तिमाही से ठीक अगली तिमाही का प्रथम दिवस।
- यदि ब्याज दर आईएनबीएमके या किसी अन्य बाह्य बेंचमार्क से सम्बद्ध है – वह दिन जब पुन: निर्धारण अवधि पूरी होती है।

राष्ट्रीय आवास बैंक NATIONAL HOUSING BANK

9. पुनर्वित्त ऋण सीमा संस्वीकृति की प्रक्रिया

9.1 पीएलआई के लिये पुनर्वित्त ऋण सीमा की संस्वीकृति एक वर्ष के लिये होती है (जुलाई – जून)। यदि ऋण सीमा वर्ष के अंत तक (यथा 30 जून) अप्रयुक्त रह जाती है तो पीएलआई के अनुरोध पर उसे अगले वर्ष के लिये अग्रेषित किया जा सकता है। यदि वार्षिक ऋण सीमा का वर्ष का अंत होने से पूर्व ही पूरा प्रयोग कर लिया जाता है तो अतिरिक्त ऋण सीमा संस्वीकृति पर भी विचार किया जा सकता है।

9.2 पुनर्वित्त लेने के इच्छुक पीएलआई को एक निर्दिष्ट प्रारूप पर, पीएलआई पर लागू संलग्नक के अनुसार, अपना आवेदन अपेक्षित संलग्नकों /अनुलग्नकों के साथ प्रस्तुत करना होगा।

10. दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया

10.1 ऋण सीमा एक बार संस्वीकृत और संस्वीकृति पत्र द्वारा पीएलआई को सूचित करने के बाद, पीएलआई को संस्वीकृत ऋण सीमा के लिये दस्तावेजों को पूरा करना होगा।

10.2 दस्तावेजों का निष्पादन नीचे लिखे अनुसार करना होगा :

आ.वि.कं. के लिये : पात्र ऋणदाता संस्थान रा.आ.बैंक को वे दस्तावेज /हलफनामे आदि उस रूप एवं विषय वस्तु के साथ जैसेकि रा.आ.बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाता है, प्रस्तुत / निष्पादित करेंगे।

दस्तावेजन प्रत्येक वर्ष के वार्षिक /अतिरिक्त ऋण सीमा के लिये होगा (ऐसे दस्तावेज शामिल होंगे जो पुनर्वित्त की प्रतिभूति के अनुसार अपेक्षित होंगे)।

एससीबी, एसएफबी, आरआरबी और यूसीबी के लिये : बैंक से अविकल्पी प्राधिकार पत्र (एलओए) लिया जाता है कि यदि उनके द्वारा कोई चूक होने पर, चाहे रा.आ.बैंक और उस बैंक के बीच कोई विवाद हो या उठ जाए जाए, रा.आ.बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक में उनके चालू खाता से नामे करने का प्राधिकार होगा। एलओए पर भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिहस्ताक्षर होंगे।

एआरडी और एसीएचएफ के लिये : संबंधित राज्य सरकार की गारंटी या एआरडी और एसीएचएफ की सम्पत्तियों और आस्तियों पर चल समरूप प्रभार।

10.3 दस्तावेजन पूरा होने के बाद, पीएलआई रा.आ.बैंक से निधियों का आहरण आरंभ कर सकते हैं।

11. संवितरण की प्रक्रिया

11.1 पुनर्वित्त संवितरण के लिये आवेदन, पीएलआई द्वारा उनके लिये निर्दिष्ट प्रारूप में करना होगा। आवेदन पत्र के साथ संबंधित पुनर्वित्त योजना के संबंध में लागू अपेक्षाओं के अनुसार वांछित परिशिष्ट संलग्न करने होंगे।

11.2 आवेदन पत्र इस संबंध में यथावत प्राधिकृत पीएलआई के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए। पीएलआई को प्रति वर्ष जुलाई से जून अवधि के लिये, निदेशक मंडल /मुख्य कार्यपालक द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों की सूची, उनके नमूना हस्ताक्षर सहित, रा.आ.बैंक के रिकार्ड के लिये प्रस्तुत करनी होगी। यदि वर्ष के दौरान प्राधिकृत हस्ताक्षरियों की सूची में कोई बदलाव होता है तो रा.आ.बैंक को भी सूचित किया जाए।

11.3 माह के दौरान जारी पुनर्वित्त की राशि रा.आ.बैंक द्वारा पीएलआई को प्राप्त रेटिंग तथा उसे संस्वीकृत पुनर्वित्त सीमा के अनुसार प्रतिबंधित की जा सकती है।

12. पुनर्वित्त जारी करने का साधन

जारी पुनर्वित्त आरटीजीएस के माध्यम से एनईएफटी सुविधा युक्त किसी बैंक में पीएलआई के चालू खाता में स्थानान्तरित किया जाएगा। जारी करने का साधन और चालू खाता के अपेक्षित ब्योरों के साथ बैंक शाखा का ब्योरा भी संवितरण आवेदन प्रपत्र में, पीएलआई पर यथा लागू, रा.आ.बैंक को सूचित करना होगा।

13. चुकौती करने का साधन

13.1 सभी भुगतान रा.आ.बैंक, नई दिल्ली के नाम आरटीजीएस द्वारा, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, नानिक मोतवानी मार्ग शाखा, मुम्बई में राष्ट्रीय आवास बैंक के पक्ष में उसके खाता सं. 00600350008114 में किये जाएं।

13.2 पीएलआई द्वारा रा.आ.बैंक को **मूल धन** की चुकौती नीचे लिखे अनुसार किया जाएगा :

i. आहरित पुनर्वित्त राशि की चुकौती रा.आ.बैंक को अधिकतम 15 वर्षों में समान तिमाही किस्तों में, रा.आ.बैंक द्वारा जैसा निर्धारित किया गया है, किया जाएगा।

ii. चुकौतियों की नियत तारीख प्रत्येक कैलेण्डर तिमाही की पहली तारीख होगी (यथा प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्तूबर)।

iii. मूल धन की चुकौती पुनर्वित्त संवितरण के बाद एक पूरी कैलेण्डर तिमाही के अंतराल के बाद शुरू होगा और जैसेकि रा.आ.बैंक द्वारा निर्धारित किया गया है। *उदाहरणार्थ, यदि पुनर्वित्त का संवितरण 04*

अप्रैल, 2018 को किया गया तो मूल धन की प्रथम किस्त के चुकौती की नियत तारीख 1 अक्तूबर, 2018 होगी अर्थात जुलाई से सितम्बर, 2018 तक एक कैलेण्डर तिमाही के अंतराल के बाद।

13.3 पीएलआई द्वारा रा.आ.बैंक को ब्याज का भुगतान नीचे लिखे अनुसार किया जाएगा :

i. पुनर्वित्त पर रा.आ.बैंक को देय ब्याज की गणना दैनिक उत्पाद आधार पर की जाएगी और मासिक आधार पर प्रभारित होगा।

ii. ब्याज गणना के लिये, एक वर्ष में 365 दिन माने जाएंगे, चाहे वर्ष लीप वर्ष हो या सामान्य।

iii. ब्याज का भुगतान पुनर्वित्त संवितरण की तारीख के ठीक बाद कैलेण्डर तिमाही के प्रथम दिवस से शुरू हो जाएगा।
उदाहरणार्थ, यदि पुनर्वित्त का संवितरण 04 अप्रैल, 2018 को किया गया तो पुनर्वित्त पर पहला ब्याज भुगतान के लिये 1 जुलाई, 2018 को देय होगा।

iv. पुनर्वित्त पर ब्याज संवितरण की तारीख से रा.आ.बैंक के पक्ष में प्रोद्भूत होना शुरू हो जाएगा।

13.4 यदि मूल धन के चुकौती / ब्याज भुगतान की नियत तारीख पर रा.आ.बैंक के मुम्बई कार्यालय में अवकाश होता है, और यदि देय राशियां तिमाही के **प्रथम तीन कार्य दिवसों** में रा.आ.बैंक को प्राप्त हो जाती हैं, जिसमें भुगतान देय है, अतिरिक्त ब्याज प्रभारित नहीं किया जाएगा। यद्यपि, पीएलआई देय राशि पर ब्याज की लागू दरों पर, रा.आ.बैंक के मुम्बई कार्यालय को भुगतान की तारीख तक अतिरिक्त दिनों का ब्याज भुगतान करेगा। इस संबंध में यह ध्यान दिया जाए कि रा.आ.बैंक के मुम्बई कार्यालय द्वारा महाराष्ट्र राज्य द्वारा घोषित अवकाश, परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1949 की शर्तों के अनुसार, मनाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह भी ध्यान में रखें कि रा.आ.बैंक में पांच दिन का सप्ताह होता है, तदनुसार इसके कार्यालय शनिवार तथा रविवार को बंद रहते हैं।

13.5 यदि किस्त की चुकौती और ब्याज का भुगतान नियत तारीख से पहले किया जाता है तो उसे नियत तारीख पर ही जमा किया जाएगा।

13.6 रा.आ.बैंक के मुम्बई कार्यालय को **प्रथम तीन कार्य दिवसों के बाद किसी देरी** के लिये, पीएलआई उस कुल विलम्ब अवधि के लिये चूक राशि पर, लागू दर से अतिरिक्त **दो प्रतिशत प्रति वर्ष** की दर से अतिरिक्त ब्याज का भुगतान करेगा।

13.7 पीएलआई नियत तारीखों पर रा.आ.बैंक को शीघ्र भुगतान करेगा चाहे उसने उधारकर्ताओं से राशि वास्तव में वसूल की हो या नहीं।

14. रा.आ.बैंक को आवधिक विवरणियां (केवल एचएफसी पर लागू)

रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त वाली एचएफसी को रा.आ.बैंक को विभिन्न विवरणियां / सूचना आवधिक आधार पर प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा। पीएलआई को ये विवरणियां प्रस्तुत करने में नियमित और समय बद्ध होना चाहिए। रा.आ.बैंक को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियां निम्नानुसार हैं :

अवधि	**विवरणी का नाम**	**प्रस्तुत करने की समयावधि**
तिमाही	रा.आ.बैंक-एचएफसी-04 (तिमाही विवरणी)	तिमाही अंत से एक माह के अंदर
छमाही	रा.आ.बैंक-एचएफसी-05 (प्रतिकूल शेष प्रमाण पत्र) ▪ अनुलग्नक I (फ्लैग्ड ऋणों की विवरणी)	छमाही अंत से दो माह के अंदर

वार्षिक	रा.आ.बैंक-एचएफसी-06 (एचएफसी द्वारा लिये ऋणों के बारे में छमाही सूचना जब ऋण बहियों पर प्रभार द्वारा पुनर्वित्त लिया गया हो)	छमाही अंत से 30 दिन के अंदर
	रा.आ.बैंक-एचएफसी-07 (नकारात्मक स्वत्वाधिकार प्रसंविदा की वार्षिक पुष्टि)	वर्ष अंत से 15 दिन के अंदर
	रा.आ.बैंक-एचएफसी-08 (वार्षिक विवरणी)	वर्ष अंत से दो माह के अंदर
	रा.आ.बैंक-एचएफसी-09 (लाभार्थियों के वर्गीकरण हेतु वार्षिक विवरणी)	वित्त वर्ष अंत से एक माह के अंदर

15. अन्य नियम एवं शर्तें

15.1 प्रत्याशित ऋण (केवल आ.वि.कं. पर लागू)

15.1.1 एचएफसी प्रत्याशित ऋणों के लिये पुनर्वित्त ले सकती हैं, किंतु इस शर्त पर कि प्रत्याशित ऋणों के लिये आहरित राशि को आहरण की तारीख से तीन माह की अवधि में व्यैक्तिक आवास ऋणों के लिये पूरी तरह प्रयोग किया जाए।

15.1.2 प्रत्याशित ऋणों के लिये पुनर्वित्त लेने पर, एचएफसी को आहरण की तारीख से तीन माह की अवधि में प्रत्याशित ऋणों का प्रयोग करने का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

15.1.3 प्रत्याशित संवितरणों के लिये आहरित पुनर्वित्त के अप्रयुक्त अंश पर पुनर्वित्त पर लागू ब्याज दर से अतिरिक्त 2 प्रतिशत की दर से ब्याज पूरी अवधि के लिये प्रभारित किया जाएगा यदि एचएफसी निर्धारित समयावधि में पुनर्वित्त की पूरी राशि का इस्तेमाल करने में असफल रहती है।

15.1.4 उपर्युक्त प्रमाण पत्र प्रारूप **रा.आ.बैंक-एचएफसी-03** में प्रत्याशित ऋणों के लिये आहरित पुनर्वित्त की तारीख से तीन माह के अंत से 14 दिनों के अंदर यह पुष्टि करते हुए प्रस्तुत करना होगा कि आहरित राशि का प्रयोग उस योजना के तहत व्यैक्तिक आवास ऋणों हेतु अग्रिम प्रदान करने के लिये पूरा प्रयोग किया गया जिसके लिये प्रत्याशित पुनर्वित्त आहरित किया गया था, और यह सत्यापन भी करेगी कि इन ऋणों को रा.आ.बैंक के पुनर्वित्त के लिये यथावत फ्लैग्ड किया गया है।

15.2 प्रतिकूल शेष (केवल आ.वि.कं. पर लागू)

15.2.1 प्रतिकूल शेष पुनर्वित्त के लिये फ्लैग्ड ऋणों के बकाया शेष से अतिरिक्त बकाया पुनर्वित्त होता है, दोनों की गणना समान तारीख से की गई।

15.2.2 रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त आहरित करने वाली एचएफसी एक प्रमाण पत्र निर्दिष्ट प्रारूप **रा.आ.बैंक-एचएफसी-05** पर प्रत्येक वर्ष यथा 31 मार्च और 30 सितम्बर को, उनके सांविधिक लेखा परीक्षकों से यथावत प्रतिहस्ताक्षरित, यह पुष्टि करते हुए प्रस्तुत करेंगी कि रा.आ.बैंक से आहरित पुनर्वित्त की बकाया राशि कुल बकाया आवास ऋणों से अधिक नहीं है जिनके लिये पुनर्वित्त लिया गया था।

15.2.3 यदि रा.आ.बैंक को आवास वित्त कंपनी द्वारा देय बकाया पुनर्वित्त उन सभी बकाया आवास ऋणों से जिनके लिये एचएफसी द्वारा पुनर्वित्त आहरित किया गया था यथा प्रतिकूल शेष, अधिक होता है तो आवास वित्त कंपनी प्रतिकूल शेष के समकक्ष पुनर्वित्त का भुगतान रा.आ.बैंक को करेगी। यह ध्यान दिया जाए कि मांग के आधार पर

किये गये अग्रिम भुगतान जो आगामी तिमाही की प्रथम तारीख पर देय होते हैं, प्रतिकूल शेष की गणना करते समय बकाया पुनर्वित्त से संमजित नहीं करना चाहिए।

15.2.4 प्रतिकूल शेष के मामले में, एचएफसी प्रमाण-पत्र रा.आ.बैंक को भेजने से पहले उसे अपने निदेशक मंडल के समक्ष भी प्रस्तुत करेंगी।

15.2.5 उपर्युक्त प्रमाण पत्र मिलने पर, रा.आ.बैंक आवास वित्त कंपनी को पुनर्वित्त की राशि चुकता करने के बारे में सूचित करेगा। आवास वित्त कंपनी को यह सूचना प्राप्त होने की तारीख से एक माह के अंदर राशि का भुगतान करना होगा। ऐसे भुगतानों के लिये ऋण रा.आ.बैंक के बैंक खाते में राशि जमा होने की तारीख पर दिया जाएगा। आवास वित्त कंपनी उन जारी पुनर्वित्त की सूची (यथा पुनर्वित्त के प्रत्येक आहरण से संबंधित ऋण खाता) प्रस्तुत करेगी जिनमें प्रतिकूल शेष हुआ, साथ ही प्रत्येक पुनर्वित्त ऋण खाते के बारे में कुल बकाया आवास ऋण भी दर्शाया जाए। रा.आ.बैंक को लौटाई गई राशि का तदनुसार समंजन किया जाएगा।

15.2.6 इस परिप्रेक्ष्य में, निम्नलिखित पर ध्यान दें –

- वे ऋण खाते जो स्थिर ब्याज दर से भिन्न ब्याज दर में बदले जाने या किसी अन्य कारण से समय-पूर्व बंद कर दिये गये और उसी ऋणकर्ता और उसी आवास इकाई के लिये नया ऋण खाता खोला गया जिसे प्राइमरी प्रतिभूति के रूप में वित्त पोषण किया गया, को रा.आ.बैंक के पुनर्वित्त के तहत फ्लैग्ड आवास ऋण में बने रहने दिया जाएगा, तथा उसकी गणना प्रतिकूल शेष में नहीं की जाएगी।
- संपार्श्विक प्रतिभूति / अतिरिक्त मार्जिन अपेक्षाओं के प्रयोजनार्थ फ्लैग्ड /कवर्ड बही ऋणों को उन सभी बकाया आवास ऋणों के कुल योग में गणना के लिये शामिल नहीं किया जाएगा जिनके लिये पुनर्वित्त यथा 31 मार्च/ 30 सितम्बर को लिया गया, अर्थात पुनर्वित्त के कारण बही ऋणों की प्रतिभूति के अलावा अतिरिक्त नियत मार्जिन को प्रतिकूल शेष की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। यह अतिरिक्त मार्जिन संपार्श्विक प्रतिभूति के लिये होगा और उसे बकाया पुनर्वित्त पर बनाये रखना है।
- वे ऋण खाते जिनके लिये रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त लिया गया है, आवास वित्त कंपनी के रिकार्ड में अलग से पहचान वाले होने चाहिए और ऐसे सभी खातों की सूची एचएफसी के पास उपलब्ध होनी चाहिए तथा उसे रिकार्ड में अद्यतन बनाये रखा जाए।
- यदि ऋण देने के सामान्य परिचालन में ऋणों को समय-पूर्व बंद कर देने या अधिक चुकौती करने के कारण प्रतिकूल शेष हुआ हो, तो प्रतिकूल शेष की गणना करते समय उन्हें स्वत: ही शामिल कर लिया जाएगा और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए और रा.आ.बैंक की सूचना पर चुकता किया जा सकता है। प्रतिकूल शेष के कारण ऐसे चुकौतियों पर कोई लेवी नहीं लगेगी।
- प्रत्याशित ऋणों के लिये जारी निधियों, छमाही विवरणी से 3 माह से अधिक पहले नहीं, को आवास ऋणों के लिये दिये अंतराल समय को दृष्टिगत रखते हुए, प्रतिकूल शेष की गणना में रा.आ.बैंक बकाया के तहत शामिल नहीं किया जाएगा।

15.3 रा.आ.बैंक के अतिरिक्त संस्थानों से ऋण (केवल आवास वित्त कंपनियों पर लागू)

15.3.1 <u>बांड / डिबेंचर जारी करके ऋण संग्रहण</u>

यदि बांड / डिबेंचर, चाहे अप्रतिभूतिकृत या प्रतिभूतिकृत हों, सूचीबद्ध हों या संस्थागत बिक्री हो, के द्वारा ऋण लिया जाता है तो कंपनी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लिये आवेदन करेगी। एनओसी के लिये आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अपेक्षित होगा:

- बांड / डिबेंचर जारी करने के लिये निदेशक मंडल के समक्ष अनुमोदन के लिये रखे ज्ञापन/ टिप्पणियों और पारित प्रस्ताव की प्रतियां।
- बांड / डिबेंचर इश्यू की विवरणिका की सत्यापित प्रति।
- एचएफसी के अनुरोध पर, रा.आ.बैंक एनसीडी/ बांडों के द्वारा निधियां जुटाने के लिये एचएफसी को वार्षिक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करेगा। एचएफसी को अपनी वार्षिक ऋण योजना तथा एनसीडी/ बांड योजना प्रस्तुत करनी होगी, वांछनीय होगा उनके वित्त वर्ष के आरंभ में। इसके अतिरिक्त, एचएफसी को एनसीडी/ बांड जारी करने के 10 दिन के अंदर, उनके पूरे विवरण और एचएफसी की घोषणा कि रा.आ.बैंक की पुनर्वित्त सहायता से संबंधित किसी भी प्रतिभूति संबंधी धारा का उल्लंघन नहीं किया गया है, प्रस्तुत करने होंगे।

15.3.2 बैंकों / वित्तीय संस्थानों से उधार

- जिन कंपनियों को नकारात्मक धारणाधिकार आधार पर पुनर्वित्त प्रदान किया गया है, उन्हें बैंकों/ वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने के लिये रा.आ.बैंक से एनओसी लेने की जरूरत नहीं है। हालांकि, प्रारूप **एनएचबी-एचएफसी-07** में **नकारात्मक धारणाधिकार प्रसंविदा की वार्षिक पुष्टि** वर्ष समाप्त होने पर 15 दिन के अंदर प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, ऋणों के बारे में वार्षिक सूचना प्रारूप **एनएचबी-एचएफसी-06** में प्रतिवर्ष **31 मार्च** को प्रस्तुत करनी होगी।
- जिन कंपनियों जिनका पुनर्वित्त ऋण बहियों पर अनन्य प्रभार द्वारा प्रतिभूतिकृत है, उन्हें बैंकों/ वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने के लिये रा.आ.बैंक से एनओसी लेने की जरूरत नहीं है। हालांकि, ऋणों के संबंध में छमाही सूचना प्रारूप **एनएचबी-एचएफसी-06** में प्रतिवर्ष **31 मार्च और 30 सितम्बर** को प्रस्तुत करनी होगी।
- जिन कंपनियों जिनका पुनर्वित्त अन्य ऋणदाताओं के साथ समान रूप से सभी बही ऋणों पर प्रभार द्वारा प्रतिभूतिकृत है, उन्हें बैंकों/ वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने के लिये रा.आ.बैंक से एनओसी लेना होगा। इसके अतिरिक्त, ऋणों के संबंध में छमाही सूचना प्रारूप **एनएचबी-एचएफसी-06** में प्रतिवर्ष **31 मार्च और 30 सितम्बर** को प्रस्तुत करनी होगी।
- कंपनी को सुनिश्चित करना होगा कि अन्य बैंकों/ वित्तीय संस्थानों के पक्ष में करार करने / प्रभार करने पर रा.आ.बैंक से लिये पुनर्वित्त सहायता के लिये दी गई प्रतिभूति का उल्लंघन नहीं हुआ है। कंपनी उन ऋणदाताओं को पुनर्वित्त के तहत रा.आ.बैंक को दी गई प्रतिभूति/ प्रभार के बारे में वर्तमान स्थिति अवश्य सूचित करेगी। यदि कंपनी द्वारा किसी ऋणदाता के पक्ष में आरओसी में सृजित या पंजीकृत किया जाता है, तो रा.आ.बैंक को ऋणों की छमाही विवरणी में उसके बारे में सूचित किया जाएगा।
- रा.आ.बैंक के पक्ष में समरूप से प्रभार करने वाला पत्र बैंकों/ वित्तीय संस्थानों से लिया जाएगा और रा.आ.बैंक को प्रस्तुत किया जाएगा, जहां कहीं अपेक्षित होगा। रा.आ.बैंक के साथ ऐसे करार करने के लिये, जिन्हें आवश्यक समझा गया, संबंधित बैंक/ वित्तीय संस्थान की सहमति भी लेनी होगी।

15.4 रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त के लिये पात्र ऋण (केवल आवास वित्त कंपनियों पर लागू)

योजना के तहत आने वाले सभी आवास ऋण हैं –

- आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2010, आज तक यथा संशोधित के अनुसार मानक आस्तियां, और
- रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त का दावा करते समय और पुनर्वित्त की पूरी अवधि में भार-रहित

15.5 रा.आ.बैंक द्वारा पुनर्वित्त ऋणों की फ्लैगिंग (केवल आवास वित्त कंपनियों पर लागू)

15.5.1 आवास वित्त कंपनियों को उन सभी ऋणों की भलीभांति पहचान करनी होगी जिनके लिये राआ बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त की गई और उन सभी ऋणों की एक सूची तैयार की जाए।

15.5.2 इन लेखाओं से संबंधित सभी सूचना अद्यतन रखी जाएगी।

15.5.3 व्यैक्तिक आवास ऋणों जिन्हें रा.आ.बैंक के पुनर्वित्त में एक बार फ्लैग्ड कर दिया गया उन्हें रा.आ.बैंक की पूर्व संस्वीकृति के तब तक नहीं बदला जा सकता है जब तक वे एचएफसी की बहियों में दर्ज हैं और वे अलग से पहचान में आने चाहिए।

15.5.4 ऐसे बही ऋणों की एक सूची रा.आ.बैंक को प्रति वर्ष 31 मार्च और 30 सितम्बर को तथा मांग करने पर प्रस्तुत की जाए।

15.6 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से वार्षिक लेखा-परीक्षक प्रमाण पत्रों को समाप्त करना

बैंक ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से वार्षिक लेखा-परीक्षक प्रमाण पत्र लेने की जरूरत यह कहते हुए समाप्त कर दी है कि वे ऋण खाते जिनके लिये पुनर्वित्त लिया गया, बैंक के रिकार्ड से अलग से पहचान की जा सकती है। हालांकि, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक उन्हें अलग किये रहेंगे और रियायती योजनाओं के तहत पुनर्वित्त पोषित ऋणों को फ्लैग करेंगे। बैंक रियायती योजनाओं के मामले में संवितरण होने पर फ्लैग्ड ऋण सूची प्राप्त करते रहेंगे।

15.7 निरीक्षण

पीएलआई की लेखा बहियों, रजिस्टरों तथा अन्य सभी संबंधित रिकार्ड का निरीक्षण रा.आ.बैंक द्वारा स्वयं या उसकी ओर से किया जा सकता है। इन ऋण निरीक्षणों के संबंध में व्यय पीएलआई की सभी श्रेणियों द्वारा, आरआरबी को छोड़कर, वहन किया जाएगा।

15.8 निरीक्षण/ लेखा परीक्षा अनुपालन

पीएलआई निरीक्षण / लेखा परीक्षा की सभी रिपोर्टों पर शीघ्र कार्रवाई करेंगे और रा.आ.बैंक को उसकी सूचना देंगे। बैंक ऋण निरीक्षण प्रभारों की एचएफसी, एससीबी, एसएफबी और यूसीबी से वसूली करेगा। आरआरबी को बैंक ऋण निरीक्षण प्रभारों की वसूली से छूट प्राप्त है।

15.9 आवास ऋणों का मूल्यांकन और अनुवर्ती कार्रवाई

पीएलआई के यहां आवास ऋणों के मूल्यांकन और अनुवर्ती कार्रवाई के लिये उचित प्रणाली और प्रक्रिया होनी चाहिए, तथा इस काम के लिये निपुण, योग्य स्टाफ तथा उन्हें प्रशिक्षित करने की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

15.10 रा.आ.बैंक के दिशा निर्देश

पात्र ऋणदाता संस्थान द्वारा आवास हेतु दिया गया वित्त तथा जो योजना के अन्तर्गत आता है, वह रा.आ.बैंक द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों और निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए।

15.11 संवितरण उपरांत अनुशासन

आवास ऋणों के संवितरण के बाद उचित पर्यवेक्षण और अनुवर्ती कार्रवाई द्वारा सुनिश्चित किया जाए कि निधियों का सही अंतिम उपयोग किया गया तथा ऋणों का समय पर और नियमित चुकौती भी हो।

15.12 वसूली निष्पादकता का अनुरक्षण

रा.आ.बैंक से पुनर्वित्त सुविधा जारी रहने के लिये पात्र पीएलआई द्वारा विभिन्न श्रेणियों के तहत लाभार्थियों यथा व्यक्तियों, बिल्डरों, सीएफआई आदि, से संतोषजनक वसूली हो और रा.आ.बैंक द्वारा समय-समय पर उल्लिखित शर्तों का अनुपालन हो।

15.13 पुनर्वित्त सहायता रा.आ.बैंक के विवेकाधीन

पुनर्वित्त सुविधा प्रदान करना रा.आ.बैंक के विवेकाधीन होगा और अधिकार के तौर पर इसका दावा नहीं किया जा सकता है।

15.14 पुनर्वित्त वापसी की मांग

रा.आ.बैंक को तब पुनर्वित्त वापस मांगने का अधिकार होगा यदि निधियों का प्रयोग आवास के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में किया जाता है या पात्र ऋणी संस्थान द्वारा कोई तथ्यात्मक सूचना छुपाई जाती है या कोई ऐसी घटना घटित हो जाती है जिससे दी गई वित्तीय सहायता के चुकौती को खतरा हो।

15.15 रा.आ.बैंक को योजना संशोधित करने का अधिकार

रा.आ.बैंक को स्व विवेक के आधार पर, किसी पुनर्वित्त सुविधा को या तो सभी पात्र ऋणदाता संस्थानों या किसी एक या ग्रुप के पात्र ऋणदाता संस्थानों के लिये, बदलने / संशोधन करने का अधिकार होगा जो उसकी प्रक्रिया, नियम एवं शर्तों, पात्रता मानदंड तथा किसी ऐसे ही संबंधित विषय के बारे में हो सकती है।

*****

भाग –ख

आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) हेतु विभिन्न योजनाओं की विशिष्ट नियम एवं शर्तें/ अपेक्षाएं

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

राष्ट्रीय आवास बैंक में वर्तमान में आवास वित्त कंपनियों के लिए निम्नलिखित पुनर्वित्त योजना प्रचालन में हैं-

क्र सं.	योजनाएं		
	योजना का पूरा नाम	**संक्षिप्त नाम**	
1.	नियमित पुनर्वित्त योजना	आर आर एस	विवरण पृष्ठ सं. 20 में दिया गया है
2.	किफायती आवास निधि	ए एच एफ	विवरण पृष्ठ सं. 21-22 में दिया गया है
3.	केरल राज्य में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को रियायती आवास ऋण प्रदान करने हेतु पुनर्वित्त सहायता	-	विवरण पृष्ठ सं. 23 में दिया गया है
4.	निम्न आय परिवारों हेतु विशेष शहरी आवास पुनर्वित्त योजना	डब्ल्यू-एल आई एच	विवरण पृष्ठ सं. 24-26 में दिया गया है

आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) हेतु प्रारूप अनुबंध I में दिए गए हैं।

नियमित पुनर्वित्त योजना

1. **उद्देश्य** – आवास वित्त कंपनियों द्वारा निम्नलिखित के लिये प्रदत्त आवास ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त सहायता उपलब्ध कराना:
   - आवासीय इकाईयों का निर्माण/ क्रय
   - आवासीय इकाईयों की मरम्मत/ नवीकरण/ उन्नयन

2. **पात्र ऋण -**
   - **अधिकतम ऋण राशि**– कोई सीमा नहीं
   - **संपत्ति का स्थान** – कोई भी
   - **अंतिम उधारकर्ता** – कोई भी

3. **पुनर्वित्त की अवधि** – 1 वर्ष से 15 वर्ष

4. **ब्याज दर का प्रकार**
   - अस्थिर दर, अथवा
   - पुनर्निर्धारण सहित स्थिर दर

ब्याज दर का निर्धारण बाजार की स्थिति के आधार पर संवितरण के समय किया जाएगा।

5. **ब्याज दर में छूट**

निम्नलिखित ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त हेतु ब्याज दर में छूट उपलब्ध होगी:
   - ₹10 लाख तक का ऋण
   - ग्रामीण इलाकों में ऋण *(वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार)*
   - महिलाओं के लिए ऋण (जहां महिला वित्तीय संपत्ति की स्वामिनी/ सह-स्वामिनी हो)
   - अन्य लिंग (थर्ड जेंडर) के वैयक्तिकों हेतु ऋण (जहां लाभार्थी किसी वित्तीय संपत्ति का स्वामी/ सह-स्वामी हो)
   - विकलांग या नि:शक्त जन हेतु ऋण (जहां लाभार्थी किसी वित्तीय संपत्ति का स्वामी/ सह-स्वामी हो)
   - अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति से संबंधित वैयक्तिकों हेतु ऋण (जहां लाभार्थी किसी वित्तीय संपत्ति का स्वामी/ सह-स्वामी हो)
   - ग्रीन हाउस (हरित आवास) हेतु ऋण (इस ऋण पर ब्याज छूट घरेलू सौर संयंत्र, जल संरक्षण या रा.आ. बैंक-केएफडब्लू मूल्यांकन मॉडल के तहत कम से कम 18% ऊर्जा संरक्षण हेतु प्रमाणित ऊर्जा दक्ष आवास हेतु प्राप्त होगी)

6. **ब्याज प्रभारण की सीमा**

आवास वित्त कंपनियों की इस योजना के तहत ब्याज पर कोई सीमा नहीं है।

राष्ट्रीय आवास बैंक NATIONAL HOUSING BANK

किफायती आवास निधि

किफायती आवास निधि के अंतर्गत पुनर्वित्त योजना की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार है:

- **उद्देश्य:**

किफायती आवास निधि प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों से प्राप्त मांग के आधार पर ग्रामीण एवं शहरी श्रेणी में दिनांक 01-04-2017 को या उसके बाद स्वीकृत एवं संवितरित वैयक्तिक आवास ऋणों को पुनर्वित्त प्रदान करने हेतु उपयोग किया जाएगा।

- **किफायती आवास निधि के अंतर्गत पुनर्वित्त योजना हेतु पात्र प्राथमिक ऋणदाता संस्थानें**
  - आवास वित्त कंपनियां (एसएफसी)
  - अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी)
  - अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी)
  - क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)
  - अनुसूचित सहकारी बैंक (एससीओबी)
  - स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी)
  - शीर्षस्थ सहकारी आवास वित्त सोसाइटी (एसीएचएफएस)
  - कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (एआरडीबी)

- **कवर क्षेत्र**
  - **शहरी-** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के सावंधिक शहर परिभाषा के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्र;
  - **ग्रामीण-** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के सावंधिक शहर परिभाषा के अंतर्गत नहीं आने वाले अन्य कोई क्षेत्र।

- **पात्र वैयक्तिक आवास ऋण**
  - शहरी- ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 6 लाख रू. से अधिक न हो।
  - ग्रामीण-
    - भारतीय रिजर्व बैंक की प्राथमिक क्षेत्र दिशा-निर्देश (समय-समय पर यथा संशोधित) में यथा परिभाषित कमजोर वर्ग;
    - ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रू. से अधिक न हो; और
    - महिलाएं
- **ऋण अवधि-** अधिकतम- 7 वर्ष

- **ब्याज प्रभारण सीमा:** अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों हेतु ब्याज प्रभारण सीमा एमसीएलआर प्लस 100 बीपीएस है और अन्य हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक दर प्लस 350 बीपीएस। राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों को दी जा रही पुनर्वित्त वर्तमान में 4.93% प्रति वर्ष की स्थिर ब्याज दर पर होगी।

- ब्याज का भुगतान- मासिक आधार पर संयोजित और तिमाही आधार पर भुगतान
- मूलधन की चुकौती - तिमाही

- **अन्य:**

किफायती आवास निधि के अंतर्गत किया गया कोई भी संवितरण राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों को अनुमोदित स्वीकृति सीमा एवं राष्ट्रीय आवास बैंक की नियमित पुनर्वित्त योजना के अंतर्गत लागू अन्य नियम एवं शर्तों के अंतर्गत किया जाएगा। प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों को श्रेणी-वार वैयक्तिक आवास ऋण खातों की सूची साफ्ट प्रारूप सहित मुद्रित रूप में प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

राष्ट्रीय
आवास बैंक
NATIONAL
HOUSING BANK

केरल राज्य में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को रियायती आवास ऋण प्रदान करने हेतु प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों को पुनर्वित्त सहायता

केरल राज्य में मानसून की भारी बारिश एवं बाढ़ से प्रभावित कई परिवार अपने मकानों के टूट जाने के कारण बेघर/विस्थापित हो गए हैं। इन परिवारों को केरल में अपने घरों के निर्माण/मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु कम लागत पर दीर्घावधि वित्तीय सहायता की जरूरत है।

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) ने करल राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में 3 लाख रूपए तक और शहरी क्षेत्रों में 6 लाख रूपए तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को राहत प्रदान करने हेतु प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (पीएलआई) के माध्यम से घरों के निर्माण/मरम्मत और नवीनीकरण के लिए रियायती ब्याज दर पर 200 करोड़ रूपए के पुनर्वित्त सहायता की घोषणा की है।

वैयक्तिक आवास ऋण, जो दिनांक 01 अगस्त, 2018 को या उसके बाद और दिनांक 30 जून, 2019 तक केरल के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (पीएलआई द्वारा संवितरित किए गए हैं, इस हायता के तहत कवर किए गए हैं।

राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (पीएलआई) को दी जाने वाली पुनर्वित्त सहायता नीचे दी गई तालिका के अनुसार 7 वर्ष के नियत तथा वर्तमान में 4ण्93% प्रति वर्ष की निश्चित ब्याज दर पर उपलब्ध होगी तथा यह अंतिम लाभार्थियों से प्रभारित की जाने वाली ब्याज दर की सीमा के साथ होगी:

प्राथमिक ऋणदाता संस्थान	**ब्याज प्रभारण सीमा**
अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	एमसीएलआर +1.00%
अन्य	8.43%

यह सहायता माननीय वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के तहत रा.आ.बैंक में स्थापित किफायती आवास निधि में से प्रदान की जाएगी।

- ब्याज दर का भुगतान - मासिक आधार पर संयोजित की जाएगी और तिमाही आधार पर भुगतान करना होगा।
- मूलधन की चुकौती – तिमाही

निम्न आय परिवारों हेतु विशेष शहरी आवास पुनर्वित्त योजना

इस योजना का उद्देश्य निम्न आय वाले परिवारों की शहरी आवास की आवश्यकताओं का पूरा करना है जो अपनी आजीविका चलाने के लिए अनौपचारिक क्षेत्र पर निर्भर है। ऐसे परिवारों के आवास ऋणों के संबंध में रा.आ. बैंक द्वारा पुनर्वित्त उन आवास वित्त कंपनियों को उपलब्ध कराया जाएगा जो या तो वित्त पोषित संपत्ति के संपार्श्विक के माध्यम से प्रतिभूत हैं अथवा वैकल्पिक रूप से प्रतिभूत हैं।

- **योजना की प्रमुख विशेषताएं**

  - रियायती ब्याज दर
  - अनौपचारिक आय पर निर्भर निम्न आय वाले परिवारों हेतु उपलब्ध
  - शहरी क्षेत्रों में आवास हेतु
  - ऋण या तो वित्त पोषित संपत्ति के संपार्श्विक द्वारा प्रतिभूत या वैकल्पिक रूप से प्रतिभूत
  - ऋण सामाजिक एवं पर्यावरण संबंधी समुचित सावधानी की अपेक्षाओं के अनुरूप

- **योजना का विवरण**

- **उद्देश्य**

योजना के तहत पुनर्वित्त सहायता शहरी क्षेत्रों में ऐसे परिवारों के आवास ऋणों के संबंध में उन आवास वित्त कंपनियों को उपलब्ध कराई जाएगी जिन्हें निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए या तो सीधे अथवा सूक्ष्म वित्त संस्थानों अथवा स्वयं सहायता समूहों (जिनके पास संबंधित आवास वित्त कंपनियों की संतुष्टि अनुसार ऐसे ऋणों का प्रबंधन करने में प्रशिक्षित कर्मचारीगण सहित आवास ऋणों के मूल्यांकन व अनुवर्ती कार्रवाई हेतु यथोचित प्रणाली व प्रक्रिया हो) जैसे मध्यवर्ती संस्थानों के माध्यम से निम्न आय वाले परिवारों को प्रदान की गयी है:

  - नई आवासीय इकाईयों का निर्माण/खरीद
  - मौजूदा आवासीय इकाईयों की खरीद
  - मौजूदा आवासीय इकाईयों की मरम्मत/नवीकरण/विस्तार/उन्नयन

- **पात्रता मानदंड**

इस योजना के तहत विभिन्न वर्ग के संस्थानों के लिए रा.आ. बैंक से पुनर्वित्त प्राप्त करने हेतु रा.आ. बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड लागू रहेंगे।

- **पात्र ऋण**

वैयक्तिकों को सीधे या सूक्ष्म वित्त संस्थानों अथवा स्वयं सहायता समूहों जैसे मध्यवर्ती संस्थानों के माध्यम से प्रदान किए गये एवं निम्नलिखित सभी मानदंडों का पूरा करने वाले आवास ऋण इस योजना के तहत पुनर्वित्त हेतु पात्र होंगे:

मानदंड	वैयक्तिक ऋण के संवितरण की तिथि	
	25-02-2013 से 22-03-2015 तक	23-03-2015 के बाद
परिवार की वार्षिक आय	₹2 लाख से अधिक नहीं	▪ आवासीय इकाई के क्रय अथवा निर्माण हेतु ऋण के मामले में ₹3 लाख से अधिक नहीं। ▪ मौजूदा आवासीय इकाईयों की मरम्मत/ नवीकरण/ विस्तारण/ उन्नयन हेतु ऋण के मामले में ₹ 2 लाख से अधिक नहीं।
अधिकतम ऋण आकार	₹5 लाख से अधिक नहीं	आवास वित्त कंपनी द्वारा अपनी ऋण नीति के अनुसार निर्धारित किया जाना है।
लाभार्थी के आय का प्रकार	अनौपचारिक आय	अनौपचारिक आय
मूल्य अनुपात की तुलना में अधिकतम ऋण (एलटीवी)	80%	80%

इस योजना के अंतर्गत कवर सभी ऋण शहरी क्षेत्रों में अवस्थित आवासीय इकाईयों (*वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार*) के संबंध में प्रदान किए जाने चाहिए।

- **पुनर्वित्त की सीमा**

रा.आ. बैंक से पुनर्वित्त, योजना के प्रावधानों के अनुसार पात्रता उद्देश्य हेतु प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा संस्वीकृत व संवितरित आवास ऋणों की 100 प्रतिशत की सीमा तक उपलब्ध रहेगा।

- **पुनर्वित्त की अवधि एवं चुकौती**

- **पुनर्वित्त की अवधि**
  - न्यूनतम अवधि – 5 वर्ष
  - अधिकतम अवधि – 15 वर्ष

- **पुनर्वित्त की चुकौती**

  - मूलधन राशि बराबर तिमाही किस्तों में प्रतिदेय
  - मूलधन की चुकौती प्रारंभ करने के लिए संवितरण की तिथि से 1 पूर्ण कैलेंडर तिमाही का अधिस्थगन

- **ब्याज दर**

योजना के तहत ब्याज दर रा.आ. बैंक की वेबसाइट (www.nhb.org.in) पर समय-समय पर प्रकाशित की जाएगी।

- **लाभार्थी**

  - **आय**

व्यक्ति की वार्षिक पारिवारिक आय अनुच्छेद 3 के अनुसार हो:

इस योजना के उद्देश्य हेतु पारिवारिक आय का तात्पर्य सभी सह-उधारकर्ताओं की आय मिलाकर हुई आय से है। आवास वित्त कंपनियों द्वारा आय का आकलन/सत्यापन अपनी संतुष्टि एवं उनके आआईआर, एलटीवी इत्यादि जैसे मानदंडों में शामिल ऋण नोट/ ऋण फाइलों में अभिलिखित द्वारा, उधारकर्ताओं की पात्रता एवं सामर्थ्य के आकलन को देखते हुए किया जाएगा।

  - **अनौपचारिक आय**

योजना के तहत लाभार्थी अनौपचारिक स्रोतों से अपनी आय प्राप्त करने वाले हों।

इस योजना के तहत आवास ऋण प्रदान करने के प्रयोजनार्थ 'अनौपचारिक आय' का संबंध निम्न आय आर्थिक गतिविधियों से प्राप्त आय से है एवं जो निम्नलिखित मानदंडों में से एक पूरा करती हो।

(क) किसी निम्न आय के कारोबार, पेशे अथवा व्यवसाय में स्व–रोजगार से प्राप्त आय;

(ख) यदाकदा, अस्थायी, अनियमित अथवा कई कामों से अर्जित आय; एवं/अथवा

(ग) असंगठित क्षेत्र में रोजगार से प्राप्त आय।

- **पूर्वभुगतान**

इस योजना के तहत पूर्वभुगतान की अनुमति केवल अंतिम लाभार्थी द्वारा आवास वित्त कंपनियों को पूर्वदत्त ऋण राशि की सीमा तक होगी।

- **प्रतिभूति**

  - **वैयक्तिक उधारकर्ताओं से प्राप्त की जाने वाली प्रतिभूति** – वैयक्तिक आवास ऋण या तो भूमि/ संपत्ति के बंधक योग्य स्वत्वाधिकार द्वारा प्रतिभूत हो अथवा आवास वित्त कंपनी की पूर्ण संतुष्टि पर वैकल्पिक प्रतिभूति द्वारा प्रतिभूत हो।

    प्राथमिक ऋण का ऋण जोखिम पूर्णतया: आवास वित्त कंपनी द्वारा लिया जाएगा एवं रा.आ. बैंक से अपेक्षित पुनर्वित्त प्रतिदेय होगा, भले ही प्राथमिक ऋण खाता नियमित या भिन्न प्रकार का हो।

    इसके अतिरिक्त ऐसे मामलों में जहां आवास वित्त कंपनी योजना के तहत ऋण हेतु वैकल्पिक प्रतिभूति स्वीकार करते हैं यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि उधारकर्ता कानूनी चुनौतियों एवं उधारकर्ता की बेदखली से खोने वाले ऋण से बचने के उद्देश्य से कार्यकाल की न्यूनतम अवधि का फायदा उठाता हो।

  - **पुनर्वित्त हेतु प्रतिभूति** – पुनर्वित्त हेतु प्रतिभूति ढांचा वही होगा जो रा.आ. बैंक की नियमित पुनर्वित्त योजना के तहत संबंधित संस्थानों पर लागू है।

****

भाग –ग

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) एवं स्मॉल फाइनेंस बैंकों (एसएफबी) हेतु विभिन्न योजनाओं की विशिष्ट नियम एवं शर्तें/ अपेक्षाएं

राष्ट्रीय आवास बैंक NATIONAL HOUSING BANK

राष्ट्रीय आवास बैंक में वर्तमान में एससीबी एवं एसएफबी के लिए निम्नलिखित पुनर्वित्त योजना प्रचालन में हैं-

क्र सं.	योजनाएं		
	योजना का पूरा नाम	संक्षिप्त नाम	
1.	नियमित पुनर्वित्त योजना	आर आर एस	विवरण पृष्ठ सं. 29 में दिया गया है
2.	किफायती आवास निधि	ए एच एफ	विवरण पृष्ठ सं. 30-31 में दिया गया है
3.	केरल राज्य में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को रियायती आवास ऋण प्रदान करने हेतु पुनर्वित्त सहायता	-	विवरण पृष्ठ सं. 32 में दिया गया है
4.	निम्न आय परिवारों हेतु विशेष शहरी आवास पुनर्वित्त योजना	डब्ल्यू-एल आई एच	विवरण पृष्ठ सं. 33-35 में दिया गया है

एससीबी एवं एसएफबी हेतु प्रारूप अनुबंध II में दिए गए हैं।

राष्ट्रीय आवास बैंक NATIONAL HOUSING BANK

नियमित पुनर्वित्त योजना

1. **उद्देश्य** – एससीबी एवं एसएफबी द्वारा निम्नलिखित के लिये प्रदत्त आवास ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त सहायता उपलब्ध कराना:
    - आवासीय इकाईयों का निर्माण/ क्रय
    - आवासीय इकाईयों की मरम्मत/ नवीकरण/ उन्नयन

2. **पात्र ऋण -**
    - **अधिकतम ऋण राशि**– कोई सीमा नहीं
    - **संपत्ति का स्थान** – कोई भी
    - **अंतिम उधारकर्ता** – कोई भी

3. **पुनर्वित्त की अवधि** – 1 वर्ष से 15 वर्ष

4. **ब्याज दर का प्रकार**
    - अस्थिर दर, अथवा
    - पुनर्निर्धारण सहित स्थिर दर

ब्याज दर का निर्धारण बाजार की स्थिति के आधार पर संवितरण के समय किया जाएगा।

5. **ब्याज दर में छूट**

निम्नलिखित ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त हेतु ब्याज दर में छूट उपलब्ध होगी:

- ₹10 लाख तक का ऋण
- ग्रामीण इलाकों में ऋण *(वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार)*
- महिलाओं के लिए ऋण (जहां महिला वित्तीय संपत्ति की स्वामिनी/ सह-स्वामिनी हो)
- अन्य लिंग (थर्ड जेंडर) के वैयक्तिकों हेतु ऋण (जहां लाभार्थी किसी वित्तीय संपत्ति का स्वामी/ सह-स्वामी हो)
- विकलांग या नि:शक्त जन हेतु ऋण (जहां लाभार्थी किसी वित्तीय संपत्ति का स्वामी/ सह-स्वामी हो)
- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति से संबंधित वैयक्तिकों हेतु ऋण (जहां लाभार्थी किसी वित्तीय संपत्ति का स्वामी/ सह-स्वामी हो)
